लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक 6.3.2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 3-8



प्रो. केपी सिंह कोरोना वायरस की जागरूक संगोष्ठी में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए।

# वायरस ग्रस्त व्यक्ति से 3-5 फीट रखें दूरी सफाई का रखें विशेष ध्यान : डॉ. अशोक

## वीसी ने विदेश से आने वाले वैज्ञानिकों की जांच के लिए कहा

**भास्कर न्यूज़ | हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की अगुवाई में कोरोना वायरस से बचाव के लिए संगोष्ठी की गई। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जा कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने चिकित्सीय टीम द्वारा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय छात्रावासों को सतर्कतापूर्वक जांचने की सलाह दी और साथ ही विदेश से आने वाले वैज्ञानिकों की चिकित्सीय जांच करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर फार्मस और सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों को भी इसी बारे में जांचने की सलाह दी और इस बीमारी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का सुझाव दिया।

एचएयू के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार ने इस बीमारी के मुख्य कारण बताये जैसे सूखी खांसी आना, शरीर का तापमान लगभग 102-103 डिग्री सेल्सियस व नाक में से पानी आना इत्यादि। जहां इस बीमारी से संक्रमित हैं वहां आने-जाने से, भीड़भाड़ वाली जगह से, सम्मेलनों से बचना चाहिए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि वायरस ग्रस्त व्यक्ति से 3-5 फीट दूरी बनाने व सफाई की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। जब कभी भी बाहर से आना-जाना रहें तो अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह साफ करें।

इस संगोष्ठी में विशेष कार्यकारी अधिकारी, डॉ. एमके गर्ग, कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज, निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत, वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगड़ा, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन डॉ. आशा क्वात्रा, अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी, डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, निदेशक मानव संसाधन डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. आरएस हुड्डा, डॉ. केके यादव व ई. जितेन्द्र उपस्थित रहे।

# इधर, एचएयू में अवेयर किया, वीसी ने इंटरनेशनल हॉस्टल्स की विशेष जांच की सलाह दी

**हिसार** | एचएयू में वीसी की अगुवाई में गुरुवार को कोरोना वायरस से बचाव के लिए संगोष्ठी की। कुलपति प्रो. केंपी सिंह ने सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, व अधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जा कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन करें।

वीसी ने एचएयू के वरिष्ठ चिकित्सा ... छात्रावासों को सतर्कतापूर्वक जांचने की सलाह दी और साथ ही विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों की भी चिकित्सीय जांच करने के लिए कहा। विवि के डायरेक्टर फार्मस और सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों को जांचने की सलाह दी और कोरोना वायरस संक्रमण से जागरूकता कार्यक्रम करने का सुझाव दिया।चीन से शुरू हुआ कोरोना वायरस बड़ी तेजी से फैल रहा है।

## जानिए...रोकथाम और लक्षण

- वायरस से संभावित व्यक्ति को अलग रखें। • हाथ न मिलाएं।
- हाथों को एंटी सेप्टिक साबुन-लिक्विड से धोएं। • गुनगुना पानी का सेवन करें।
- खांसते-छींकते हुए रुमाल का इस्तेमाल करें।

**लक्षण:** गले में दर्द, जुकाम, खांसी,

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ हरि भूमि ........
दिनांक 6.3.2020 ........ पृष्ठ सं. 16 ........ कॉलम 2-6 ........

## हकृवि में कोरोना से बचाव के लिए संगोष्ठी का आयोजन

# कोरोना वायरसः विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों की होगी चिकित्सकीय जांच

■ बीमारी के मुख्य लक्षण : जैसे सूखी खांसी, शरीर का तापमान लगभग 102-103 डिग्री सैल्सियस व नाक में से पानी आना आदि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की अगुवाई में कोरोना वायरस से बचाव के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सभी अधष्ठिाताओं, निदेशकों और अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जा कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन करें। प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय के वरिरष्ठ चिकित्सक अधिकारी को इस बीमारी की रोकथाम के सुझावों को पैम्पलेटस के रूप में प्रकाशित करने को कहा और उनका वितरण विश्वविद्यालय के हर छात्र और कर्मचारी को किया जाए। उन्होनें चिकत्सकीय टीम द्वारा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय छात्रावासों को सर्तकतापूर्वक जांचने की सलाह दी और साथ ही विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों की भी चिकत्सकीय जांच करने को कहा। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय के डायेरक्टर फार्मस और सभी कृषि वज्ञिान केन्द्रों को भी इसी संदर्भ में जांचने की सलाह दी और इस बिमारी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का भी सुझाव दिया।

विश्वविद्यालय के वरष्ठि चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार ने इस बीमारी के मुख्य कारण बताये जैसे सूखी खांसी आना, शरीर का तापमान लगभग 102-103 डिग्री सैल्सियस व नाक में से पानी आना इत्यादि। उन्होनें बताया कि जो देश इस बीमारी से संक्रमित है वहां आने-जाने से, भीड़भाड़ वाली जगह से, सम्मेलनों से बचना चाहिए। साथ ही उन्होनें सुझाव दिया कि वायरस ग्रस्त व्यक्ति से 3-5 फीट दूरी बनाने व सफाई की तरफ




विशेष ध्यान देना चाहिए। जब कभी भी बाहर से आना-जाना रहें तो अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह साफ करें। इस संगोष्ठी में विशेष कार्यकारी अधिकारी, डॉ. एमके गर्ग, कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज, निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत, वत्ति नियंत्रक डॉ. अतुल ढिगडा, अधष्ठिाता स्नाकोत्तर अध्ययन डॉ. आशा क्वात्रा, अधष्ठिाता, मौलिक वज्ञिान एवं मानविकी, डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, निदेशक मानव संसाधन डॉ. एमएस सद्धिपुरिया, निदेशक वस्तिार शक्षिा, डॉ. आरएस हुड्डा, डॉ. केके यादव, जितेन्द्र आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 6.3.2020........ पृष्ठ सं.......1....... कॉलम....2-8....

**कोरोना वायरस : बचाव के लिए संगोष्ठी आयोजित, कुलपति ने जारी किए दिशा-निर्देश**

# हकृवि के अंतर्राष्ट्रीय छात्रावासों की होगी जांच

## इन छात्रावासों में रह रहे हैं विदेशों से आए हुए विद्यार्थी

हिसार, 5 मार्च (ब्यूरो): कोरोना वायरस को लेकर चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय में उन अंतर्राष्ट्रीय छात्रावासों की जांच की जाएगी जहां विदेशों से अध्ययन के लिए आकर विद्यार्थी रह रहे हैं।

विश्वविद्यालय की तरफ से कोरोना वायरस से बचाव के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने निर्देश दिए कि अपने अधिकार क्षेत्र में कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन करें। प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को इस बीमारी की रोकथाम के सुझावों को पम्फलैट्स के रूप में प्रकाशित करने को कहा।



*कोरोना वायरस की जागरूक संगोष्ठी में अधिकारियों को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. सिंह।*

उन्होंने चिकित्सीय टीम द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय छात्रावासों को सतर्कतापूर्वक जांचने की सलाह दी और साथ ही विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों की भी चिकित्सीय जांच करने को कहा।

विश्वविद्यालय के डायरैक्टर फार्म्स और सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को भी इसी संदर्भ में जांचने की सलाह दी और इस बीमारी से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का सुझाव दिया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि जो देश इस बीमारी से संक्रमित हैं, वहां आने-जाने से, भीड़भाड़ वाली जगहों से, सम्मेलनों से बचना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि वायरस ग्रस्त व्यक्ति से 3-5 फुट की दूरी बनाने व सफाई की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। जब कभी भी बाहर से आना-जाना हो तो अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह धोएं। संगोष्ठी में विशेष कार्यकारी अधिकारी डा. एम.के. गर्ग, कुलसचिव डा. बी.आर. कम्बोज, निदेशक अनुसंधान डा. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक डा. अतुल ढींगड़ा आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....

दिनांक....6.3.2020.... पृष्ठ सं....13.... कॉलम....5-8....

# कृषि विश्वविद्यालय में सर्विलांस शुरू, होली कार्यक्रम रद

जागरण संवाददाता, हिसार: कोरोना वायरस को लेकर देशभर में लगातार पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में शहर के स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में गुरुवार को कई बड़े फैसले लिए गए। इसमें जहां स्कूलों में विद्यार्थियों को मास्क और सेनेटाइजर के साथ आने के निर्देश दिए गए हैं तो चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अपने दो इंटरनेशनल हॉस्टल में विदेशी विद्यार्थियों की सर्विलांस शुरू कर दी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय का चिकित्सा विभाग विदेशों से विवि में आने वाले वैज्ञानिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी करेगा। मामला इतना गंभीर है कि एचएयू ने अपना होली का कार्यक्रम भी रद कर दिया है। इसको लेकर गुरुवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक ली, जिसमें चिकित्साधिकारियों को सर्विलांस और जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि एचएयू में दो इंटरनेशनल हॉस्टल हैं जिसमें 15 देशों के करीब 70 विद्यार्थी रहते हैं। इसके साथ ही बाहर रह रहे विदेशी विद्यार्थियों के आने जाने पर विशेष निगरानी रखने के इंटरनेशनल हॉस्टल एडवाइजर को डायरेक्टरेट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डिपार्टमेंट की तरफ से विशेष हिदायतें दी गई हैं। इसके साथ ही गुरु जंभेश्वर तकनीक एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जागरुकता शुरू करने की बात कह रहे हैं।

कोरोना का कहर

## होगी स्वास्थ्य जांच

- एचएयू के इंटरनेशनल हॉस्टल में विद्यार्थियों और विदेशी वैज्ञानिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी
- कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चिकित्सा अधिकारियों को जागरूकता लाने के दिए निर्देश
- जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भी विवि में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के दिए निर्देश
- जीडी गोयंका स्कूल ने बच्चों को मास्क के साथ आने को कहा तो बाजार में मास्क खरीदने पहुंचे अभिभावकों को नहीं मिले मास्क

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...अमर उजाला...
दिनांक 6.3.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 8

# एचएयू में कोरोना वायरस से बचाव व सुझाव के लिए संगोष्ठी आयोजित

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कुलपति अगुवाई में कोरोना वायरस से बचाव के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जा कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन करें। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार ने इस बीमारी के मुख्य कारण बताए जैसे सूखी खांसी आना, शरीर का तापमान लगभग 102-103 डिग्री सेल्सियस व नाक में से पानी आना इत्यादि।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक...6.3.2020... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....3&5....

# अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित बेनीवाल और संजय, हिन्दी में प्रियंका व सिमरन विनर

## एचएयू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुई प्रतियोगिता, 100 छात्रों ने लिया भाग

**भास्कर न्यूज़ | हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता (हिन्दी व अंग्रेजी), कविता पाठ प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया।



एचएयू में आयोजित स्पर्धा में मुख्य अतिथि डॉ. राजवीर सिंह विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह थें। विभागाध्यक्ष प्रो. सुषमा आनन्द ने बताया कि नगर के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने अलग-अलग गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया व महिलाओं के विकास के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित बेनीवाल और संजय, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका एवं सिमरन मेहता, कविता पाठ में साहिल धारा एवं निकिता, स्लोगन रा ईटिंग में प्रेम कुमार व सोनू तथा पोस्टर मेकिंग में कुसुमपाल व हिमांशी ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कियें।पारितोषिक वितरण समारोह में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से महिलाओं को समान अवसर मुहैया होते है और उनके प्रति आदर व सम्मान की भावना विकसित होती है जो आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...पंजाब केसरी...
दिनांक ...6.3.2020... पृष्ठ सं ...4... कॉलम ...7-8...

# हकृवि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में करवाई प्रतियोगिताएं



*विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।*

हिसार, 5 मार्च (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता (हिंदी व अंग्रेजी), कविता पाठ प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह थे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुषमा आनंद ने बताया कि नगर के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया व महिलाओं के विकास के लिए विचार प्रस्तुत किए। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित बैनीवाल, संजय, हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका, सिमरन मेहता, कविता पाठ में साहिल धारा, निकिता, स्लोगन राइटिंग में प्रेम कुमार, सोनू, पोस्टर मेकिंग में कुसुमपाल, हिमांशी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। पारितोषिक वितरण समारोह में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रो. राजवीर ने सम्मानित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, दैनिक जागरण
दिनांक 6.3.2020 पृष्ठ सं. 5, 17 कॉलम 3, 2

## अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित प्रथम

**हिसार।** एचएयू के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता (हिंदी व अंग्रेजी), कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजवीर सिंह थे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुषमा आनंद ने बताया कि विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया व महिलाओं के विकास के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित बैनीवाल और संजय, हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका एवं सिमरन मेहता, कविता पाठ में साहिल धारा एवं निकिता, स्लोगन राइटिंग में प्रेम कुमार व सोनू और पोस्टर मेकिंग में कुसुमपाल व हिमांशी ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। समारोह में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रो. राजवीर सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. मंजू मेहता, डॉ. देवव्रत, डॉ. अशोक छाबड़ा, डॉ. कृष्णा हुड्डा, डॉ. अर्पणा व डॉ. पूनम मोर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## पोस्टर मेकिंग में कुसुमपाल, स्लोगन में प्रेम कुमार ने मारी बाजी

जासं, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के डीन प्रो. राजवीर सिंह रहे।

**प्रतियोगिता में ये रहे विजेता:** अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अंकित बेनीवाल और संजय, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका एवं सिमरन मेहता, कविता पाठ में साहिल धारा एवं निकिता, सलोगन राइटिंग में प्रेम कुमार व सोनू तथा पोस्टर मेकिंग में कुसुमपाल व हिमांशी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किये। पारितोषिक वितरण समारोह में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला, दैनिक भास्कर
दिनांक: 6.3.2020 पृष्ठ सं. 5, 2 कॉलम 1.2, 7.8

## अंजलि बनी सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से लगाए गए सात दिवसीय वार्षिक शिविर का वीरवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया पहुंचे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डॉ. बिमला ढांडा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की उपप्रधानाचार्य सुमित्रा व अध्यापक सुबे सिंह, गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. वीना यादव उपस्थित हुए। डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कलाओं का महत्व बताया। इसमें कृषि महाविद्यालय के अंश व गृह महाविद्यालय की अंजली सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक बनीं। शिविर के शरद, प्रियंका व स्वरूपा को पुरस्कृत किया गया।

## एनएसएस शिविर के समापन पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



कार्यक्रम के समापन समारोह पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

हिसार | एचएयू के राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से आयोजित शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया।

समापन समारोह की शुरुआत हवन से की गई। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने द्वीप प्रज्वलित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन शैली में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कलाओं की महत्ता बताई। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढाण्डा ने बच्चों के अनुशासन की प्रशंसा की। शिविर में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक कृषि महाविद्यालय के अंश व गृह महाविद्यालय की अंजली रही। शिविर के लीडर जिंकल, शरद, प्रियंका कृषि विश्वविद्यालय व स्वरूपा गृह महाविद्यालय को उनके विशेष कार्यों के लिए पुरस्कृत किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि
दिनांक: 6.3.2020 पृष्ठ सं: 15 कॉलम: 4-6

# बेस्ट स्वयंसेवक सम्मानित किए

■ समापन समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि वश्विवद्यिालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में अंतिम दिन के समापन समारोह की शुरूआत हवन से की गई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया थे तथा विशष्टि अतिथि के तौर पर गृह वज्ञिान महावद्यिालय की अधिष्ठाता, डॉ. बिमला ढाण्डा, राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय की उपप्रधानाचार्य श्रीमति सुमित्रा व अध्यापक सूबे सिंह, गृह वज्ञिान महावद्यिालय की डॉ. वीना यादव व अन्य अध्यापक उपस्थित थे। राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन शैली में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कलाओं की महत्ता बताई व विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई डॉ. भगत सिंह की देखरेख में विविध गतिविधियां करवाती है। इसके पश्चात गृह वज्ञिान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढाण्डा ने बच्चों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित किया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक कृषि महाविद्यालय के अंश व गृह महाविद्यालय की अंजली को पुरस्कृत किया गया। शिविर के लीडर जिंकल, शरद, प्रियंका कृषि विश्वविद्यालय व स्वरूपा गृह महाविद्यालय को उनके विशेष कार्यों के लिए पुरस्कृत किया। विश्वविद्यालय के राष्ट्र सेवा योजना समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह वज्ञिान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित रहीं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, दैनिक जागरण
दिनांक 6.3.2020 पृष्ठ सं. 5, 18 कॉलम 1.2, 1

## प्रशिक्षण में 32 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में कैरियर एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स के लिए 'स्टेटिस्टिकल डाटा एनालिसिस' विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर में किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के 32 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में गणित व सांख्यिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मंजु टाक मुख्य अतिथि रहीं और उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. रामनिवास श्योकंद व डॉ. विनय कुमार थे। इस अवसर पर सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान, डॉ. हेमंत पूनिया व डॉ. मनोज विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में करियर एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स के लिए 'स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस' विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के कम्प्यूटर सेंटर में किया गया। समापन समारोह में गणित व सांख्यिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मंजु मुख्य अतिथि रहीं और प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....

दिनांक....5.3.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....3-6....

# हकृवि में 'स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में कॉयर एंड प्लेसमेंट सैल्ल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स के लिए 'स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस' विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के कंपयूटर सेंटर में किया गया। इस



*हिसार। 'स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस' विषय पर प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित मुख्यअतिथि व अन्य।*

प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के 32 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने भाग लिया इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में गणित व सांख्यिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो मंजु टोंक मुख्य अतिथि रहीं और उन्होंने सभी प्रति भागियों को सफल प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित कियें।

समापन समारोह में प्रो मंजु टोंक ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसंधान कार्यों में डाटा का महत्व तभी है जब उसका अच्छी तरह से एनालीसिस करकें उसे शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाए। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. रामनिवास श्योकंद व डॉ. विनय कुमार थें। इस अवसर पर सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेन्द्र सांगवान, डॉ. हेमंत पुनियाँ व डॉ. मनोज विशेष तौर पर उपस्थित रहें।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स
दिनांक: 5. 3. 2020 पृष्ठ सं.: 3 कॉलम: 1-2

# हकृवि में कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की तरफ से छात्रों में कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के लड़कों व लड़कियों के छात्रावासों में छात्रावास प्रबंधकों और वार्डनस ने कोरोना वायरस के लक्षणों और इससे बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरती जाएं इस पर विस्तृत जानकारी दी। चीन में फैला हुआ कोरोना वायरस भारत में भी अपने पाँव पसार रहा है। इसलिए बचाव ही उपचार है इस को ध्यान में रखते हुए छात्रों एवं छात्राओं को सफाई की तरफ विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई। आने वाले दिनों आईसक्रीम, कुल्फी, सभी प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स, सभी प्रकार के डिब्बा बंद भोजन, प्रिज़र्वेटिव फूड्स, रस, मिल्क शेक, कच्चा बर्फ यानि गोला चुस्की और बासी खाने से बचें। यह वायरस 35 डिग्री सैल्सियस तापमान पर मर जाता है इसलिए गर्मी होने तक अपना बचाव करें। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक..6.3.2020.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम....1-3....

# चकाचक होगा एचएयू का बॉक्सिंग हॉल और स्पोर्ट्स ब्वॉयज हॉस्टल, 10 करोड़ का बजट

## जिंदल स्टील वर्क्स के सहयोग से कराया जा रहा निर्माण

**भास्कर न्यूज़** | हिसार



एचएयू में तैयार कराया गया ग्राउंड।

एचएयू के स्टूडेंट्स के लिए खुशखबरी है। जल्द ही एचएयू का बाक्सिंग हॉल और स्पोर्ट्स ब्वॉयज हॉस्टल पूरी तरह चकाचक नजर आएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है। निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। डेढ़ माह में निर्माण पूरा होना है, जो जिंदल स्टील वर्क्स के सहयोग से किया जा रहा है।

पिछले कुछ समय से एचएयू का बाक्सिंग हॉल और ब्वॉयज हॉस्टल जर्जर अवस्था में था। इसके कारण स्टूडेंट्स को परेशानी का सामना करना पड़ता था। छात्रों ने भी ब्वॉयज हॉस्टल और बाक्सिंग हॉल के निर्माण की मांग विभागीय अधिकारियों से की थी। सह छात्र कल्याण निदेशक खेल डॉ. सुशील लेगा ने बताया कि बाक्सिंग हॉल और ब्वॉयज हॉस्टल के निर्माण के लिए हॉल ही में 10 करोड़ का बजट जारी किया गया है। तेजी से निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। बताया कि बाक्सिंग हॉल में अत्याधुनिक एसी के अलावा फर्श का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा ब्वॉयज हॉस्टल के 36 कमरों का निर्माण दोबारा कराया जा रहा है। स्टूडेंट्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। एचएयू के कुलपति डॉ. केपी सिंह का कहना है कि छात्र-छात्राओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण जल्द पूरा करा दिया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक....6. 3. 2020.... पृष्ठ सं....5.... कॉलम....1-2....

## विद्यार्थियों को दी दुर्गाशक्ति एप की जानकारी

हिसार। दुर्गाशक्ति टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज की अगुवाई में वीरवार को चौधरी चरण सिंह एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को दुर्गाशक्ति एप्प बारे में जागरूक किया और आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के मोबाइल में दुर्गाशक्ति एप भी डाउनलोड करवाई तथा मानसिक और शारीरिक तौर से मजबूत होने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए भी महिलाओं को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान डॉ. गोदारा, डॉ. मनमोहन, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रियंका, डॉ. निशा, डॉ. ममता आदि मौजूद रहे।